हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
28 मार्च 2024, समय 1810

- रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी की।
- कांग्रेस नेता सावित्री जिंदल अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मीडिया से कोई भी सामग्री प्रकाशित एवं प्रसारित करते समय, भारतीय प्रेस परिषद् और समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण द्वारा तय नियमों और दिशा निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।
- भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से निवर्तमान सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील के साथ अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया।
- शिक्षा विभाग ने पलवल जिले में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद करने के आदेश जारी किए।

..........................................................................

रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रिया तेज और आसान हो जाएगी।
रक्षा मंत्रालय के अनुसार विभाग के पुनर्गठन से सभी स्तरों पर संयंत्र विनिर्माण के लिए प्रभावी तकनीकी सहयोग मिलेगा और गुणवत्ता में एकरूपता सुनिश्चित होगी। नई संरचना में पृथक रक्षा परीक्षण और मूल्यांकन संवर्धन महानिदेशालय का भी प्रावधान होगा, जिससे परीक्षण सुविधाओं का पारदर्शी आवंटन हो सकेगा।

..........................................................................

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इस वर्ष की संयुक्त प्रवेश परीक्षा-जे ई ई मेन्स के दूसरे सत्र के परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र शहर आवंटन की अग्रिम सूचना जारी कर दी है।
परीक्षा का दूसरा सत्र चार से 12 अप्रैल तक 319 शहरों के विभिन्न केन्द्रों पर होगा। इनमें 22 शहर विदेशों के हैं। परीक्षा प्रत्येक दिन दो बार सुबह 9 बजे से दिन के 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक ला जाएगी। 12 अप्रैल की परीक्षा केवल सुबह के समय ही होगी।
परीक्षार्थी, परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट पर अपनी आवदेन संख्या और जन्मतिथि डालकर परीक्षा केन्द्र से संबंधित शहर की जानकारी ले सकते हैं।

..........................................................................

कांग्रेस नेता सावित्री जिंदल आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई। उन्होंने आज हिसार में मुख्यमंत्रर नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

श्रीमती जिंदल ने कल देर शाम कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि हिसार की जनता उनका परिवार है और उन्होंने अपने परिवार की सलाह पर कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

फॉर्ब सूची के अनुसार देश की 10 सबसे अमीर महिलाओं में शामिल सावित्री जिंदल मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में मंत्री थी और उन्होंने लगभग 10 वर्ष विधायक के तौर पर हिसारके लोगों का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2014 में वे भारतीय जनता पार्टी के डॉ. कमल गुप्ता से चुनाव हार गई थी। उनके साथ आज हिसार की पूर्व महापौर शकुंतला राजीवाल एवं कई  समर्थक भी बीजेपी में शामिल हो गए।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में मीडिया के अहम् योगदान पर बल देते हुए कहा है कि समाचार पत्रों को भारतीय प्रेस परिषद और इलैक्ट्रॉनि मीडिया को समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण द्वारा तय नियमों और दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद श्री अग्रवाल ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दलों द्वारा विज्ञापन सामग्री, मीडिया में प्रसारण या प्रकाशन के लिए दी जाती है तो मीडिया संस्थान को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा मीडिया प्रमाणन एवं निगरान समिति से प्रमाण पत्र लिया हो।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्य एवं जिला स्तर पर यह समितियां गठित की गई है और उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा दिल्ली की मीडिया प्रमाणन एवं निगरान समिति से लिया गया प्रमाण पत्र हरियाणा में मान्य होगा।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रकाशन अथवा मुद्रक द्वारा उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा छपाई जाने वाली सामग्री का ब्यौरा संबंधित जिला मजिस्ट्रेट या मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में भेजना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर किसी उम्मीदवार या राजनीतिक दल के पक्ष में मीडिया में कोई प्रचार सामग्री छपाई या प्रसारित की जाती है तो एस स्थिति में मीडिया संस्थान को यह सुनिश्चित करान होगा कि उस व्यक्तिपे उम्मीदवार या राजनीतिक दल की सहमति जी है या नहीं

सहमति से छपाई या प्रसारित की जा रही सामग्री का खर्च, उम्मीदवार के चुनावी खर्च में जोड़ा जायेगा। श्री अग्रवाल ने मीडिया से संतुलित एवं निष्पक्ष रिर्पोटिंग करने का आग्रह भी किया है।

..........................................................................................

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से निवर्तमान सांसद चौ. धर्मवीर सिंह ने आज भिवानी शहर से अपने चुनावी प्रचार अभियान की शुरूआत की।

उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत लोगों से शत प्रतिशत मतदान का आग्रह करते हुए की। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि अगर वो अधिक से अधिक मतदान करेंगे तो देश में एक सुदृढ़ सरकार बनेगी, जिससे देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में श्री धर्मवीर सिंह ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी और अपने विकास कार्यों के बलबूते पर जनता के बीच जाकर मतदान की अपील करेगी।

.............................................................................................

पलवल के जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने आज बताया कि शिक्षा विभाग नें पलवल जिले में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद करने के आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा पत्र जारी कर स्कूलों को यह सूचना दे दी गई है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल जिले में 5 विद्यालय चिन्हित किए गए है जिनमें के.एल.एम हाई स्कूल कलवाका,ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल कटेसरा, एस.डी.पी.स्कूल रहराना,शिव पब्लिक स्कूल खिरबी,एस.पी.एस.स्कूल सोलाका शामिल है।

इन स्कूलों को बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिले में जिन स्कूलों के पास मान्यता नहीं होगी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाएगा।

.............................................................................................

कुरूक्षेत्र पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा की एक टीम ने एक व्यक्ति को काबू करके उसके कब्जे से करीब डेढ़ लाख रूपये कीमत की 29 किलो 600 ग्राम वजन के अफीम के 606 पौधे बरामद किए है। आरोपी की पहचान कुरूक्षेत्र के गांव गुमथला गढू शीशा सिंह के तौर पर हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शीशा सिंह के  बाड़े में अफीम के पौधे खड़े पाए गए।

आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। अदाल ने उसे न्यायिक हिदायत में भेज दिया है।

.............................................................................................

देश के सभी विश्वविद्यालय शैक्षाणिक सत्र 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं के बदले राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा एन.ई.टी. के अंकों का उपयोग करेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जून 2024 सत्र के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया की जानकारी अगले सप्ताह उपलब्ध होने की आशा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी इस पर काम रही है।

..............................................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमियों का देश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने आहवान किया कि फरीदाबाद उद्योग को भारत के साथ साथ विश्व में पहचान दिलाने के लिए सब उद्यमी भागीदार बनें। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के All India Forum of MSME द्वारा आयोजित प्रथम "राष्ट्रीय महोत्सव" में उपस्थित लघु उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उद्यमी रोजगार सृजन एवं कर दाता के रूप में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे है। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा राज्य में डेढ़ लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयां है जिनमे से केवल फरीदाबाद जिला में 25000 से अधिक एमएसएमई इकाईयां है।

..............................................................................................

चरखी दादरी की जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि जिला में दादरी शहर के मतदान केन्द्रों पर महिला कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा। चुनाव में महिला कर्मचारी भी पुरुष कर्मियों के साथ ड्यूटी करेंगी। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में महिला मतदाताओं वोटरों के लिए विशेष पिंक बूथ बनाए जाएंगे। जिन पर महिला कर्मचारियों व महिला सुरक्षाकर्मियों को ही तैनात किया जाएगा।

..............................................................................................

हरियाणा में 16 मार्च से लेकर अब तक C-Vigil App पर 454 शिकायतें मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इनमें से 329 शिकायतें वैध पाई गई हैं। उन्होंने बताया कि 329 शिकायतों में से 147 का निपटारा कर दिया है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन बारे आ रही शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में 22 हज़ार लोगों ने C-Vigil App डाऊनलोड की है।

..............................................................................................